## संपादकीय

# मोदी की गारंटी

मोदी की गारंटी कांग्रेस और राजद वाले इंडी गठबंधन को परेशान कर रही है और कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए नवादा में ये बातें कही। अपने तीसरे कार्यकाल में कई और गारंटी आने की बात कहने वाले मोदी ने गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने व ड्रोन पायलट बनाने की योजना दोहराई।

पीएम सूर्य पर चालू की गई अपनी मुफ्त बिजली योजना द्वारा गरीबों व मध्यवर्ग का बिजली बिल शून्य होने की बात भी की। मैं देशवासियों को मेहनत करने की गारंटी देता हूं, 24 घंटे काम करूंगा तो क्या यह गुनाह है। मोदी की नीयत साफ है, इसलिए गारंटी देता है, लेकिन अहंकार में डूबे इंडी गठबंधन वाले अपने को देश का स्थायी शासक समझने लगे हैं।

हालांकि मोदी के इस भाषण के बाद बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी की गारंटी को चायनीज बताया। साथ ही कांग्रेस के खातों को बंद करने पर भी सवाल उठाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रक्रिया दी कि चुनाव परिणामोंके बाद मोदी को लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा।

कहने को तो इन आरोपों प्रत्यारोपों को चुनावी कहा जा सकता है। मगर यह हकीकत है कि मोदी सरकार अपने पिछले दोनों कार्यकालों की विभिन्न योजनाओं का प्रचार निरंतर करती है। मोदी ने खुद को किसी ब्रांड की तरह स्थापित ही नहीं किया है बल्कि इस प्रचार को लगातार गंभीरतापूर्वक प्रसारित भी किया जाता रहा है।

मुफ्त योजनाओं के बल पर मतदाताओं को लुभाने का यह कोई नायाब तरीका नहीं है। साल दर साल इसमें इजाफा ही होता जा रहा है। शिक्षा, सेहत, रोजगार और पर्यावरण जैसी बुनियादी बातों की बजाए लोक-लुभावन वायदों के बल पर मतदाताओं को फौरी तौर पर प्रभावित करना लंबे समय के लिए बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता।

नि:संदेह मोदी बगैर किसी अवकाश के लगातार काम करते हैं। साथ ही चौकन्ने रहते हैं और अपनी बातों से जनता को प्रभावित करने का गुर उन्हें भली-भांति आता है। जैसा कि राम मंदिर बनाने की बात दोहरा कर वे बार-बार अपने वायदे निभाने के अंदाज को दोहरा कर जनता को आस्त करते भी नजर आते हैं। यह तो आने वाला वक्त ही बताइगा कि उनके पिछले वायदों के भरोसे रहा मतदाता इन नये वायदों पर कितना विश्वास करता है।

# एस्सार पावर के नवीकरणीय प्रभाग के सीईओ बने अंकुर कुमार

**मुंबई**




निजी क्षेत्र के स्वतंत्र बिजली उत्पादक एस्सार पावर लिमिटेड ने अपने नवीकरणीय व्यापार प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अंकुर कुमार की नियुक्ति की घोषणा की। कुमार हरित ऊर्जा में परिवर्तन और भारत में एक मजबूत नवीकरणीय पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की एस्सार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नवीकरणीय ऊर्जा और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 24 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ कुमार अपनी नई भूमिका में विशेषज्ञता लेकर आए हैं। इससे पहले वो एसीएमई सोलर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। कुमार ने कंपनी के ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया व्यवसाय में रणनीतिक विस्तार का नेतृत्व किया, साथ ही उसके भौगोलिक फुटप्रिंट को भी बढ़ाया।

अपनी नई भूमिका में कुमार एस्सार पावर बोर्ड और नेतृत्व टीमों के साथ मिलकर सहयोग करेंगे। वे नवीकरणीय ऊर्जा में एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाने और एस्सार पावर की ग्रीन एनर्जी पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे।

नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा, एस्सार आक्रामक रूप से सेक्टर को हरित में बदलने के अपने दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ा रहा है। अंकुर कुमार के हमारे साथ जुड़ने से, हम नवीकरणीय क्षेत्र में अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने की उम्मीद करते हैं। उनका अनुभव और नेतृत्व एस्सार पावर को अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने में मदद करेगा।

अपनी नियुक्ति पर कुमार ने कहा, मैं एस्सार पावर के साथ इस यात्रा को शुरू कर उत्साहित हूं। हम नवीकरणीय ऊर्जा के भविष्य को आकार देने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारे सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

टीबीईए झिंजियांग सुनोएसिस कंपनी लिमिटेड में कुमार का नेतृत्व कार्यकाल व्यावसायिक उद्देश्यों को प्राप्त करने, उच्च प्रदर्शन वाली टीमों को बढ़ावा देने और बजट और समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूरा करने में उनकी दक्षता को उजागर करता है।

कुमार आईआईएम इंदौर के एक पूर्व छात्र हैं, जहां उन्होंने वित्त और रणनीति में एमबीए की उपाधि प्राप्त की। उनके पास दिल्ली विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स) की डिग्री भी है।

# देशभर में जीओ की सर्विस ठप, मोबाइल इंटरनेट और जीओ फाईबर नहीं कर रहे काम; यूजर्स परेशान

**नई दिल्ली**




टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो की सर्विस गुरुवार को देशभर में ठप हो गई हैं। जियो यूजर्स ने इसकी शिकायत सोशल मीडिया पर दर्ज कराई है। जियो यूजर्स को मोबाइल इंटरनेट और जियोफाइबर इस्तेमाल करने में दिक्कत आ रही है। इतना ही नहीं, कुछ छवद्बश यूजर्स का ये भी कहना है कि वे अपने छवद्बश सिम का उपयोग करके कॉल भी नहीं कर पा रहे हैं।

रियल टाइम आउटेज रिपोर्टिंग वेबसाइट ने भी जियो नेटवर्क को लेकर मिल रही शिकायतों को कंफर्म किया है। दोपहर 1.50 बजे तक 700 से अधिक लोगों ने छवद्बश इंटरनेट सर्विस को लेकर रिपोर्ट की है, जिनमें से 51 प्रतिशत शिकायतें के लिए, 42 प्रतिशत मोबाइल इंटरनेट नेटवर्क के लिए थीं और कॉल के लिए 7 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की।

इतना ही नहीं, कुछ यूजर्स ने गेम खेलने के दौरान आ रही नेटवर्क इश्यू को लेकर शिकायत की है। इतना ही नहीं, कुछ जियो यूजर्स का कहा कहना है कि वे अपने डिवाइस में घंटों तक इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

हालांकि, छवद्बश की तरफ से यूजर्स की शिकायतों पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन डाउनडिटेक्टर पर ग्राफ अभी भी लाल रंग में है, जिसका अर्थ है कि यूजर्स वर्तमान में समस्याओं के बारे में रिपोर्ट कर रहे हैं।

# लखनऊ और दिल्ली की टक्कर, जानें मैच प्रीव्यू और अहम आंकड़े

**लखनऊ**

आईपीएल 2024 के 26वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ में शुक्रवार को होगा।

मेजबान एलएसजी शुरुआती हार के बाद लगातार तीन मैच जीतकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि डीसी इस सीजन में पांच मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल करने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे है।

पिछले दो सीजन में दोनों टीमें तीन बार आमने सामने हुई है। सभी मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली। दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ के खिलाफ अपनी पहली जीत की तलाश होगी।

**टीम संभावित प्लेइंग 11**

दिल्ली कैपिटल्स: ऋषभ पंत (विकेटकीपर-कप्तान), पृथ्वी शॉ, डेविड वॉर्नर, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, झे रिचर्डसन, ईशांत शर्मा, खलील अहमद और एनरिक।

# नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद क्रिएटर्स बोले, पीएम का विजन गेमिंग में क्रांति लाने वाला है

**नई दिल्ली**



कई प्रमुख गेमिंग क्रिएटर्स ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कहा कि उनका दृष्टिकोण देश में गेमिंग में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है।

अनिमेष अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धरे, नमन माथुर और अंशू बिष्ट जैसे क्रिएटर्स ने पीएम मोदी से मुलाकात की और ई-गेमिंग उद्योग के उदय पर चर्चा की।

अग्रवाल और पाटनकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, हमने हाल ही में प्रधानमंत्री के साथ ईस्पोर्ट्स उद्योग के बारे में एक गहन चर्चा की। उनका दृष्टिकोण भारत में गेमिंग में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

भारत में इस समय 45-55 करोड़ खिलाड़ियों का एक विशाल गेमिंग दर्शक वर्ग है।

हाल के उद्योग आंकड़ों के अनुसार, वित्तवर्ष 2013 में भारतीय गेमिंग उद्योग ने 3.1 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जो वित्तवर्ष 2012 में 2.6 अरब डॉलर से 19 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

पायल धरे ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि पीएम मोदी के साथ ई-गेमिंग और कंटेंट निर्माण के भविष्य पर चर्चा करने वाली एकमात्र महिला गेमर होना सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा, हमारी आवाज को पहचानने और इस उद्योग में समावेशिता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए धन्यवाद।

इन्वेस्ट इंडिया के अनुसार, ऑनलाइन गेमिंग सेगमेंट भारतीय मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का चौथा सबसे बड़ा सेगमेंट है।

इसके 20 फीसदी सीएजीआर से बढ़ते हुए 2025 तक 231 अरब रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

पिछले महीने क्रिएटर्स और प्रभावशाली लोगों के समुदाय ने नई दिल्ली में नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड्स के दौरान पीएम मोदी की सराहना करते हुए उन्हें 'नए भारत का निर्माता और सर्वकालिक महानतम कहा था।

# इशान, सूर्या के धमाकेदार पचासे से मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 7 विकेट से हराया

**आईपीएल 2024**

**मुंबई**

यहां के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच में ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की दमदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से मुंबई इंडियंस ने 25वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 27 गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

ईशान किशन ने 23 गेंद में अर्धशतक जडक़र 34 गेंद में 69 रन की पारी खेली, पहले छह ओवरों में 72 रन जोड़े और रोहित शर्मा (38) के साथ शतकीय साझेदारी करके मुंबई इंडियंस को आगे बढ़ाया। 15.3 ओवर में 199/3 पर फाफ डु प्लेसिस (61), रजत पाटीदार (50) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 52) की शानदार गेंदबाजी के बाद जसप्रीत बुमराह ने सनसनीखेज गेंदबाजी प्रदर्शन के साथ मुंबई इंडियंस को 5-21 से जीत दिलाई।

इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंद में अर्धशतक जडक़र टीम की कमान संभाली। उन्?होंने टखने की चोट और जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया ऑपरेशन के बाद वापसी की है। उन्होंने 19 गेंदों पर 52 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के लगाए।



यह वानखेड़े में मुंबई इंडियंस की पांचवीं जीत थी और आईपीएल 2024 में पांच मैचों में दूसरी जीत थी, जिसने हार्दिक पंड्या के टॉस जीतने और आरसीबी को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहने के बाद पांच बार के चैंपियन को 10 टीमों की प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर पहुंचा दिया।

यह नौवां उदाहरण था, जब मुंबई इंडियंस ने 190 से अधिक स्कोर के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया, जो पंजाब किंग्स के साथ किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है। यह 11वीं बार है, जब आरसीबी 190 से अधिक स्कोर का बचाव करने में विफल रही है।

# 17 गेंदों में अर्धशतक जड़ने के बाद सूर्या ने कहा... चीजे ट्रैक पर थी बस थोड़ा समय लगा

**मुंबई**




रोहित शर्मा और इशान किशन ने वानखेड़े स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ 101 रनों की शुरुआती साझेदारी के साथ मुंबई इंडियंस के लिए घरेलू दर्शकों के सामने जीत आसान कर दी।

ओपनिंग साझेदारी के बाद सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंदों में तूफानी अर्धशतक बनाकर एमएआई फैंस का रोमांच डबल कर दिया। इन पारियों के दम पर मेजबान टीम को 197 रन का लक्ष्य केवल 15.3 ओवर में हासिल करने में मदद मिली।

सूर्यकुमार ने अपने आईपीएल इतिहास में एमआई के लिए संयुक्त रूप से दूसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाई है, टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लंबी छुट्टी के बाद फॉर्म में वापसी पर संदेह को खारिज करते हुए, बल्लेबाज ने कहा कि वह हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ट्रैक पर थे, जिसमें थोड़ा समय जरूर लगा।

सूर्या ने कहा, मैं पहले से ही उन शॉट्स के बारे में सोचता हूं जो मैं खेलता हूं, क्योंकि मैंने नेट के दौरान उन सभी का अभ्यास किया है। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश करता हूं कि मैं खेल की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करूं।

जब भी मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं, मैं हमेशा यह देखने की कोशिश करता हूं कि मैं खेल को कैसे बदल सकता हूं और अपनी क्षमताओं से इसे कैसे नियंत्रित कर सकता हूं। अगर मैं सफल होता हूं, तो बहुत अच्छा, अगर मैं नहीं करता हूं, तो मैं अगले मैच में फिर से कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि ट्रेन हमेशा पटरी पर थी, बस चलने में थोड़ा समय लगा।

सूर्यकुमार ने जियोसिनेमा से कहा, यह ठीक है, हम वापस आ रहे हैं और हमने अपनी लय हासिल कर ली है। वानखेड़े में लगातार दो मैच जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है और टीम का माहौल भी बेहतर हुआ है।

# विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और ऐमी विर्क बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल; फिल्म बैड न्यूज का रिलीज तारीख का हुआ ऐलान



अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी नई फिल्म के बारे में अपडेट देकर फैंस को उत्साहित कर दिया है। विक्की ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी आगामी फिल्म में तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी नजर आने वाले हैं। अभिनेता की इस घोषणा के बाद अब फिल्म निर्माता करण जौहर ने इस फिल्म के नाम का एलान करते हुए इसका आधिकारिक मोशन पोस्टर साझा किया है।

फिल्म का बैड न्यूज रखा गया है, जिसे इस साल सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी चल रही है। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का एलान करते हुए करण ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामा के लिए तैयार हो जाइए। इस पोस्ट में उन्होंने यह भी बताया कि यह कॉमेडी फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। फिल्म को 19 जुलाई 2024 बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।

पिछले साल विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की कई तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई थीं, जिसमें दोनों एक साथ गाने की शूटिंग करते हुए नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन बंदिश बैंडिट्स बना चुके निर्देशक आनंद तिवारी ने किया है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो तृप्ति डिमरी एनिमल की सफलता के बाद मौजूदा समय में कई फिल्मों में काम कर रही हैं।

# श्रेयस तलपड़े की लव यू शंकर का ट्रेलर जारी, चार भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म




श्रेयस तलपड़े-तनीषा मुखर्जी की फिल्म 'लव यू शंकर' 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होने के लिए तैयार है. इस फिल्म को राजीव एस. रुइया ने निर्देशित है जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूसर किया है. यह फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिकाफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले रिलीज हो. फिल्म रिलीज से पहले आज मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है.

पवित्र शहर बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक आठ वर्षीय लडक़े और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है. ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लडक़े के परिचय से होती है. जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है,तो आप देख सकते हैं कि उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती कैसे बढ़ती गई.

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है।

***वृष:*** आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये हैं। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल:जोल बढ़ेगा।

***मिथुन:*** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। आज आप कुछ निजी मामलो में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे।

***कर्क:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे।

***सिंह:*** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

***कन्या:*** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

***तुला:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का शोल्युशन निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी।

***वृश्चिक:*** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस भी कर सकते हैं।

***धनु:*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

***मकर:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है। इस राशि के जो लोग मीडिया जगत से जुड़े हैं उनका दिन किसी प्रोजेक्ट को कम्पलीट करने में गुजरेगा।

***कुंभ:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। आज आपका काम आसानी से पूरा होगा। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका ज्ञान बढ़ेगा।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोडऩे के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

# सिरदर्द होने पर तुरंत न खाएं पेनकिलर



पेनकिलर का ज्यादा इस्तेमाल या सिरदर्द के दौरान खाने से काफी प्रॉब्लम हो सकती है. आज हम विस्तार से जानेंगे कि सिरदर्द में तुरंत पेनकिलर क्यों नहीं खाना चाहिए. कई बार सिरदर्द इतना ज्यादा खतरनाक होता है कि जैसे लगता है कि कोई सिर पर हथौड़ा मार रहा है.

**30-40 उम्र की महिलाओं को अक्सर सिरदर्द होता है-** सिरदर्द होने पर इरिटेशन होने लगता है. महिलाओं में सिरदर्द की समस्या पुरुषों की मुकाबले ज्यादा पाई जाती है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि 30-40 साल की उम्र वाली महिलाओं को सिरदर्द होने पर पेनकिलर्स खाना काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है.

कुछ सिरदर्द ऐसे होते हैं जो अपने आप ठीक हो जाते हैं लेकिन कोई सिरदर्द काफी ज्यादा खतरनाक होते हैं. कई बार सिरदर्द इतना लंबा होता है कि वह हर रोज हल्का-हल्का होता है. कुछ स्टडीज में खुलासा हुआ है कि लगभग 52 प्रतिशत लोगों को हर रोज सिरदर्द का सामना करना पड़ता है.

**पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को होता है सिरदर्द-** सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं. माइग्रेन, डिप्रेशन और कई सारी गंभीर बीमारियों का डर बना रहता है. नेशनल हेल्थ सर्विस के मुताबिक पूरी दुनिया में 5 महिला में से एक महिला और 15 पुरुषों में से एक पुरुष को सिरदर्द का कारण बनता है. सिरदर्द और माइग्रेन की बीमारी में छुटकारा पाने के लिए पेनकिलर्स खाते हैं. लोग ये सब बीमारी से निजात पाने के लिए पेनकिलर्स का इस्तेमाल करते हैं. सिरदर्द की समस्या जेनेटिक भी हो सकती है. लेकिन सिरदर्द में पेनकिलर्स नहीं खाना चाहिए.

कभी-कभी सिरदर्द होना चिंता का विषय हो सकता है. पेनकिलर्स खाने से कुछ ही समय में छुटकारा मिल सकता है लेकिन आपको रेगुलर बेसिस पर सिरदर्द का कारण बन सकता है. यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है.

# शब्द सामर्थ्य- 25

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 024 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# सू-दोकू- 25

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.024 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |